भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा विजयवाड़ा हवाई अड्डे पर " सुशासन के साधन के रूप में निरोधक सतर्कता" विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया ।</u>

नई दिल्ली, 28 नवम्बर, 2016: निगमित सतर्कता विभाग, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा दिनांक 17 नवम्बर, 2016 को विजयवाड़ा में "सुशासन के साधन के रूप में निरोधक सतर्कता" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया । भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के विजयवाड़ा एवं राजामुंद्री हवाई अड्डों के लगभग 50 कार्यपालकों/गैर-कार्यपालकों ने इस कार्यशाला में भाग लिया। सामान्य मुद्दों के अलावा कार्यशाला में सतर्कता एवं अनुशासनिक मामलों से संबंधित विभिन्न पहलुओं को भी कवर किया गया । कार्यशाला के दौरान की गई प्रस्तुतियों में ई.टेंडरिंग एवं सतर्कता संबंधी मामलों की स्टडी पर लाइव डेमो भी शामिल था, जिसे सूचना प्रौद्योगिकी एवं सतर्कता निदेशालय के पदाधिकारियों द्वारा कवर किया गया । श्री एस एन बोरकर, महाप्रबंधक (सतर्कता) भा वि प्रा ने उपस्थित लोगों को कार्यशाला के उद्देश्यों एवं सतर्कता की भूमिका के बारे में जागरूक करने हेतु संबोधित किया । इसके अलावा निरोधक पहलुओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर भी गहन चर्चा एवं विचार-विमर्श हुआ । इस प्रकार की कार्यशालाएं निरोधक सतर्कता के अंश के रूप में नियमित अंतराल पर आयोजित की जाती हैं ।

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें
म.प्र. (जनसंपर्क) 9811521881, 011-24622787,
सं. 54/2016-17

श्री एस. एन. बोरकर, महाप्रबंधक (सतर्कता), भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण 17 नवम्बर, 2016 को विजयवाड़ा हवाई अड्डे पर ''सुशासन के साधन के रूप में निरोधक सतर्कता'' विषय पर आयोजित कार्यशाला में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए।